तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 30 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 सभी जिलों में मठ-मंदिर एवं सार्वजनिक न्यास के लिए समर्पित ...



12 नहीं बिकी जलघर और गंजपारा कॉम्पलेक्स...



## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 लाख की ठगी

**भिलाई।** नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मकान नंबर 37 वार्ड 1 अहिवारा निवासी ज्योति साहू को रज्य सहकारी मर्या. अपेक्स बैंक में प्रबंधक पद पर नौकरी लगाने का वार्ड 33 प्रगति नगर रिसाली निवासी जयकुमार वर्मा ने झांसा दिया। महिला से 6 लाख रुपए विभिन्न समय पर लिया था। इस बीच आरोपी जय कुमार वर्मा ने पीड़िता को 2 लाख का चेक मई 2025 को दिया था। लेकिन आरोपी के खाते में रुपए नहीं होने पर बाउंस हो गया। परेशान होकर पीड़िता ने शिकायत पुलिस से किया। आरोपी जय कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### बीसी खेलने को लेकर विवाद, उपसरपंच से मारपीट

**भिलाई।** अंडा पुलिस ने बताया कि निकुम के उपसरपंच गोपेंद्र कुमार साहू के साथ 20 लोग बीसी खेलने को लेकर बैठे हुए थे। 25 जून की रात सभी सदस्य भाठापारा बाजार में बैठकर हिसाब-किताब कर रहे थे। गांव के चिंतामणी भी कमेटी का सदस्य है। उसने उधार पर रकम लिया था। चिंतामणि उसे नहीं लौटा रहा था। इसे लेकर चर्चा चल रही थी, आक्रोशित होकर रूपेंद्र, दिनेश, चिंतामणी मिलकर उप सरपंच के साथ गाली-गलौज, मारपीट शुरू करना शुरु कर दिया।

### शिकायत के बाद राशन दुकानों की जांच

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के विभिन्न राशन दुकानों का औचक निरीक्षक किया गया। इस दौरान खाद्य प्रभारीव एमआईसी सदस्य मनोज डहरिया, खाद्य सचिव राजू वर्मा, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा की टीम राशन दुकान में पहुंचे थे। इस दौरान तीन माह का एक साथ राशन दुकानों में दिया जा रहा है। लेकिन इसे लेकर राशन दुकानों की शिकायत मिलने पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। राशन दुकानों में हितग्राहियों से भी पूछताछ की गई लेकिन व्यवस्था बेहतर पाई गई। गौरतलब हो कि भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के चरोदा के कई राशन दुकानों में पीडीएस की तस्करी आज भी होती है। लेकिन इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है।

### 50 लाख की चोरी के आरोपी खैरागढ़ से हुए गिरफ्तार



**भिलाई।** कोतवाली दुर्ग थाना अंतर्गत महावीर कॉलोनी निवासी शांतिलाल कांकरिया के घर में 6 दिन पहले हुई चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। आरोपियों की पहचान पुलिस ने पहले सीसीटीवी फुटेज की मदद से की। इसके आरोपियों के केकराजबोड़ खैरागढ़ में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। मामले में पांच आरोपी थे। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों को पहले चेक किया गया। दो संदेही बाइक पर घूमते दिखे। पुलिस ने उनकी जानकारी जुटाई। पता चला कि आरोपी लिटिया थाना लालबाग राजनांदगाव निवासी रंजीत डहरे और मिनीमाता नगर थाना कलमना नागपुर रोशन मारकंडें हैं। साइबर सेल की मदद से दोनों आरोपियों को ग्राम केकराज बोड जिला खैरागढ में होने की खबर मिली। टीम तुंरत मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर रंजीत व रोशन को पकड़ा। पूछताछ में पुलिस को जानकारी दी कि दुर्ग स्थित महावीर कालोनी में सराफा कारोबारी के मकान में लगे खिड़की को तोड़कर प्रवेश किया। उसके बाद सोना चांदी के जेवरात व नगदी पार करना स्वीकार किया।

# सनातन परंपरा को भव्यता-दिव्यता प्रदान करते हैं मंदिर व देवालय : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रवेली में नवनिर्मित भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने मंदिर परिसर में पहुंचकर भक्त माता कर्मा की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा समस्त क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि हमारी सनातन परंपरा, संस्कृति और सामाजिक चेतना का प्रतीक है। माता कर्मा नारी शक्ति, सेवा, श्रद्धा और त्याग की प्रतीक रही हैं। ऐसे पवित्र स्थल का निर्माण ग्राम रवेली में हुआ, यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस मंदिर से जुड़कर आने वाली पीढ़ियाँ धर्म, संस्कृति और संस्कारों से जुड़ेंगी।"अपने संबोधन में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांव, गरीब और संस्कृति के संरक्षण हेतु कटिबद्ध है। हमारी सरकार ग्रामीण विकास, धार्मिक स्थलों के संरक्षण, गौ सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसान कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। आज जरूरत है कि हम सब मिलकर गांव-गांव में ऐसे सांस्कृतिक केंद्रों को विकसित करें, जहां श्रद्धा के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भी संचार हो।"विधायक साहू ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम रवेली जैसे गांवों में ऐसे भव्य मंदिरों का निर्माण न केवल धार्मिक चेतना को जाग्रत करता है, बल्कि गांव के सामाजिक ढांचे को भी मजबूत करता है।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल



**ये रहे मौजूद** : गौकरण साहू, अनिल साहू (परिक्षेत्र अध्यक्ष), गौकरण साहू, भकलूराम साहू, कविलास साई, पुसऊ राम साहू, दीनदयाल साहू, सरपंच सुन्दर यादव, सोसायटी अध्यक्ष, सालिक राम साहू, छन्नू लाल साहू, चून राम साहू, संतोष साहू, भूषण लात साहू सहित समस्त ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे

## सियासत : एक सप्ताह से अध्यक्ष और प्रशासन के बीच चल रहा टकराव

# नवागढ़ नपं में गतिरोध बरकरार, अध्यक्ष ने स्वयं के कक्ष में ताला जड़ कर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष और प्रशासन के बीच चल रहे टकराव को एक सप्ताह से अधिक समय हो चुका है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। एक ओर जहां नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने जनहित के मुद्दों पर सुनवाई न होने का आरोप लगाकर अपने शासकीय कक्ष में ताला जड़ दिया है, वहीं दूसरी ओर पार्षदों और अधिकारियों का पक्ष है कि अध्यक्ष ने बिना सामंजस्य के निर्णय लिए और बैठकों की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से नहीं चलाया। सीएमओ की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार उनका पक्ष यह है कि अध्यक्ष को पहले प्रशासनिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए प्रस्तावों को विभागीय स्तर पर स्वीकृति के लिए भेजना चाहिए था। वे यह भी मानते हैं कि पार्षदों के साथ सामंजस्य की कमी भी गतिरोध का कारण बनी।

- प्रशासन चुप, जनता परेशान, विकास कार्य ठप, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप

**शासकीय कमरे में ताला लगाना अपराध, प्रशासन कार्रवाई करे : सोम ठाकुर** : नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम ठाकुर ने नगर पंचायत के कमरे में ताला लगाने पर कहा कि यह एक अपराध है। जिस पर त्वरित कार्रवाई प्रशासन को करनी चाहिए ।किस अधिकार से शासकीय कमरे पर ताला लगाया है क्या अध्यक्ष की निजी प्रापर्टी है?उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि जिस उम्मीद ओर विश्वास से नगर की जनता ने उन्हें चुना है उस पर खरा उतरने की बजाए नौटंकी करने में लगे हैं। उपाध्यक्ष सोम ठाकुर आरोप लगाया कि अध्यक्षा अपनी नाकामी छुपाने मनगढ़ंत ओर भ्रम फैलानए की राजनीति कर रहे हैं। जनता ने जिस तरह अध्यक्ष पर विश्वास जताया उसी तरह नगर की जनता ने 15 पार्षदों पर भी भरोस व्यक्त कर उन्हें नगर की सेवा करने चुना है परंतु अध्यक्ष बिना पार्षदों की रायशुमारी से निर्णय कर रहे हैं। जोकि नवागढ़ की जनता का अपमान है।



### अध्यक्ष का आरोप-सुनवाई नहीं, सहयोग नहीं

अध्यक्ष सिद्धांत चौहान का कहना है कि उन्होंने तीन बार सामान्य परिषद की बैठक बुलाने की कोशिश की, लेकिन सभी 15 पार्षद बैठक से अनुपस्थित रहे। 4 जून को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर 13 जून की बैठक तय की गई थी, जिसमें 17 जनहित प्रस्ताव शामिल थे। उनका आरोप है कि सीएमओ ने बैठक की सूचना जारी नहीं की और न ही कोई प्रक्रिया पूरी की।अगर प्रतिनिधि की बात भी नहीं सुनी जा रही है, तो जनता की कौन सुनेगा? मैंने ताला जनहित में लगाया है, और अब जनता से बाहर मिलकर काम करूंगा।

### प्रशासन और पार्षदों का पक्ष, संवादहीनता और एकतरफा निर्णय

दूसरी ओर पार्षद विशेष लहरें, उमेश बोयरे और नगर पंचायत के एक वरिष्ठ कर्मचारी (नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर) ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा बैठक बुलाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं थी। "न तो पार्षदों को पर्याप्त समय दिया गया और न ही बैठक से पहले कोई चर्चा हुई। सभी विषयों को एक साथ रखने के बजाय चरणबद्ध रूप से प्रस्ताव लाना चाहिए था,"जिस तरह से बलपूर्वक ताला झड़ना सरासर गलता है इस पर प्रशासन को एक्शन लेना चाहिए।

### जनता की चिंता- आपसी खींचतान में हम पिस रहे हैं

नगरवासी इस पूरे मामले से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। नालियों की सफाई, जल संकट, पेंशन, राशन कार्ड और सड़क मरम्मत जैसे मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं। "अध्यक्ष और अधिकारी अगर आपस में बात नहीं करेंगे, तो काम कैसे होगा?" — यह सवाल अब हर वार्ड में उठ रहा है।

### विशेषज्ञों की राय- समाधान संवाद से निकलेगा

स्थानीय प्रशासनिक मामलों के जानकारों का मानना है कि इस टकराव का हल टेबल पर बातचीत से ही निकल सकता है। /"किसी शासकीय कक्ष में ताला लगाना संवैधानिक दृष्टि से उचित नहीं है, लेकिन यह असंतोष का प्रतीक जरूर है। वहीं, सीएमओ और पार्षदों को भी मिलकर काम करना चाहिए क्योंकि उनकी जवाबदेही जनता के प्रति है, न कि केवल पद की सीमाओं तक,/" एक पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ने बताया।

### अब आगे क्या?

जिला प्रशासन की भूमिका अब बेहद अहम हो गई है। अगर जल्द हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो यह गतिरोध और गहराएगा और नवागढ़ की जनता और भी बड़ी समस्याओं में फंस सकती है।

# मेटाडोर ने बाइक को मारी ठोकर एक की मौक पर मौत, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने फिर एक परिवार की खुशियां छीन लीं। बेमेतरा-दुर्ग मुख्य मार्ग पर ग्राम कतेली के समीप एक तेज़ रफ्तार मेटाडोर ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को इतनी जबरदस्त टक्कर मारी कि बाइक चला रहे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सतखोज कोसल (35 वर्ष), पिता प्रभा दास कोसल, निवासी ग्राम भुरकी, तहसील बेमेतरा के रूप में की गई है। घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सतखोज कोसल अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर दुर्ग की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम कतेली के पास पहुंची, सामने से आ रही माज़दा (मेटाडोर) ने सीधी भिड़ंत कर दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चला रहे सतखोज का सिर मेटाडोर के नीचे आ गया और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई।

- तीन लोग सवार थे बाइक पर, हादसे के बाद मची चीख-पुकार

### दो अन्य को आईं मामूली चोटें

बाइक पर पीछे बैठे दोनों युवक सड़क किनारे दूर जा गिरे। उन्हें भी चोटें आईं, लेकिन उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

### हादसे के बाद मेटाडोर लेकर भागा चालक

हादसे को अंजाम देने के बाद मेटाडोर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने फरार चालक व वाहन की खोजबीन शुरू कर दी है।

**पुलिस मौके पर, जांच जारी:** घटना की जानकारी मिलते ही बेमेतरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

**परिवार में पसरा मातम:** सतखोज कोसल की मौत की खबर जब उनके गांव भुरकी पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजन सदमे में हैं। गांव में शोक का माहौल है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से वीरेंद्र को मिली राहत और सब्सिडी भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्रांति का प्रतीक बनकर उभर रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना को अब केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार का भी प्रत्यक्ष सहयोग मिल रहा है। राज्य सरकार की ओर से दी जा रही अतिरिक्त सहायता से उपभोक्ताओं को डबल सब्सिडी का लाभ मिल रहा है, जिससे घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाना अब और भी आसान और किफायती हो गया है। इस योजना के तहत जिले के बेमेतरा शहर निवासी श्री बीरेन्द्र राजपूत ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती राजपूत के नाम से 3.370 किलोवाट (KW) का सोलर पैनल जनवरी 2025 में स्थापित करवाया। उन्हें कुल 78,000 की सब्सिडी मिली, जो आवेदन के मात्र 15 दिनों के भीतर सीधे उनके बैंक खाते में जमा हो गई। श्री बीरेन्द्र बताते हैं कि उन्होंने इस योजना के तहत सौर पैनल लगवाने के बाद से बिजली बिल की चिंता से पूरी तरह छुटकारा पा लिया है। पिछले पाँच माह से उनका बिजली बिल या तो शून्य आया है, या बहुत ही कम। उन्होंने बताया कि उनके घर में 1 HP की पानी की मोटर, एसी और अन्य घरेलू उपकरण सहजता से चलते हैं और बिजली की आपूर्ति भी अब लगातार बनी रहती है।* उपभोक्ता श्रीमती द्रौपति राजपूत द्वारा पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 3 किलो वॉट के प्लांट कैपेसिटी का ऑन ग्रिड कनेक्शन माह जनवरी में लिया गया था।माह मई 2025 तक सोलर पैनल द्वारा कुल 1160 यूनिट बिजली ग्रिड में सप्लाई किया गया है एवम ग्रिड से 1146 यूनिट बिजली उपयोग हेतु इंपोर्ट गया है।जिससे माह जनवरी से माह मई तक उपभोक्ता को मात्र कुल 90 रुपए का विद्युत बिल प्राप्त हुआ है

- बिजली आने-जाने की झंझट ही खत्म

**बिजली का झंझट खत्म:** बीरेन्द्र कहते हैं – "पहले अक्सर बिजली कट जाती थी। दिन-रात कभी भी ▶▶| शेष पेज 13 पर

# फुलवारी फाउंडेशन पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण का दे रहा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

फुलवारी फाउंडेशन पचभैया-अमचो द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृहत रूप से वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है ।ज्ञात हो कि फुलवारी फाउंडेशन विगत 5 वर्षों से पर्यावरण की सुरक्षा एंव आसपास को हरियाली प्रदान करने की उद्देश्य से निरंतर आगे बढ रही है।

इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु इस वर्ष भी स्कूल प्रांगण, मंदिर परिसर और सार्वजनिक स्थलों में अपने टीम के सदस्यों और प्रकृति प्रेमी लोगों के साथ मिलकर 10-10 पेड़ लगाने की लक्ष्य से कार्य कर रहे है । साथ ही साथ लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और इसे सहेजने का प्रयास निरंतर करते आ रहे है।फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क पौधे जैसे देववृक्ष ▶▶| शेष पेज 13 पर



# 110 पौवा शराब जब्त, एक गिरफ्तार बड़ी कार्रवाई के दावे पर उठे सवाल

**बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट।** जिले में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण को लेकर बेमेतरा पुलिस ने शनिवार को एक /"संयुक्त कार्रवाई/" की। दावा किया गया कि नांदघाट थाना व सायबर सेल की टीम ने टेमरी गांव में एक युवक को 110 पौवा देशी व अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा। कुल बरामदगी की कीमत 42 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने इसे सफलता बताया है — लेकिन क्या यह सच में बड़ी कार्रवाई है या महज औपचारिकता? गिरफ्तार युवक का नाम हरीश बांधे (25), निवासी रवेली थाना चंदनू बताया गया है। उसके पास से 60 पौवा देशी मसाला और 50 पौवा अंग्रेजी शराब (कुल 19,800 मिलीलीटर) और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर टेमरी मिनी स्टेडियम के पास घेराबंदी कर यह कार्रवाई की गई। इसमें सायबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा, नांदघाट ▶▶| शेष पेज 13 पर

- सायबर सेल और नांदघाट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



## पानी के कारण बोआई का काम पिछड़ा, उत्पादन होगा प्रभावित

# अल्प वृष्टि से खेती का काम अटका, खाद की किल्लत ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खेती पर निर्भर रहने वाले किसान दोहरी मार से परेशान है, एक तरफ जहां खेती के लिए पर्याप्त खाद उन्हें नहीं मिल रही है वहीं दूसरी ओर जून महीना समाप्त होने को है और अब तक अंचल में पर्याप्त बारिश नहीं हो पाई है । जिसके चलते जिले में बोनी के साथ ही खेती की प्रगति अटक गई है । आंकड़ों के मुताबिक जिले में अब तक लगभग 70 फ़ीसदी कम बारिश देखने को मिली है हालांकि आने वाले अगले चार दिनों में बेहतर बारिश की संभावना जताई गई है। जिले में कम बारिश के कारण किसानों को काफी परेशानी हो रही है जिससे उनके फसले प्रभावित हो रही है । किसानों को डर है कि आने वाले दिनों में अगर बारिश नहीं हुई तो वह समय पर बुवाई नहीं कर पाएंगे जिससे उनकी उपज कम हो सकती है । सामान्य तौर पर 30 जून तक खरीफ फसलों की बुवाई का समय उपयुक्त माना जाता है यदि इस समय तक पर्याप्त बारिश नहीं होती है तो उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है । रोपाई के लिए भी पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है और यदि जुलाई के पहले सफ्ताह तक पर्याप्त बारिश नहीं होती है तो इसका कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

- झामाझम बारिश की है प्रतीक्षा, अभी तक 70 प्रतिशत कम पानी गिरा



### इस बार तय समय से पहले मानसून आया

इस बार मानसून ने अपने तय समय से काफी पहले दस्तक दे चुकी थी यही कारण था कि अंचल में भी किसान उम्मीद कर रहे थे कि समय से पहले ही अच्छी बारिश होगी। उन लोगों ने अपने खेत तैयार कर लिए थे परंतु अब तक बारिश पर्याप्त देखने को नहीं मिली है । जुलाई के पहले सप्ताह तक पर्याप्त बारिश होती है तो कृषि पर ज्यादा विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा लेकिन उसके बाद खेती में असर देखने को मिल सकता है। **सर्वाधिक मांग डीएपी की** : खेती की तैयारी में जुटे किसान खाद का स्टॉक जमा करने में भी जुट हुए नजर आए।हालांकि डीएपी खाद की कमी का असर पहले ही बोनी पर देखने को मिल रहा है । मिली जानकारी के अनुसार सरकारी केंद्रों पर स्टॉक लगभग खत्म हो गया है और निजी विक्रेताओं के पास खाद महंगे दामों पर मिल रही है । आंकड़ों पर नजर डाले तो डीएपी मांग के अनुरूप ओर उसके मुकाबले आधी आपूर्ति भी नहीं हो पाई है ।

# साइबर फ्रॉड से जुड़ी शिकायत 1930 पर करें, मनी ट्रांसफर के दौरान रहे अवेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नए शैक्षणिक सत्र के शुरुआत में ही छात्र छात्राओं के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित समाज विषय पर कार्यशाला का आयोजन नेहरूनगर स्थित एक निजी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं प्रतिनिधियों को ट्रैफिक रूल्स, साइबर फ्रॉड से जुड़ी जानकारियां प्रदान की गई। एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि यातायात के प्रति जागरूक होने और सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए आवश्यक है कि स्टॉफ टीचर एवं स्टूडेंट्स के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। स्कूली बसों, वैन की गति सीमा नियंत्रित हो। ज्यादातर दुर्घटनाएं लापरवाही से होती हैं, इसलिए सावधानी ही सुरक्षा है। सड़क पार करते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें। ट्रैफिक नियमों की जानकारी छात्रों को नियमित रूप से दें। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल इसकी जानकारी 1930 नंबर पर दें। ऑनलाइन मनी ट्रांसफर करने के दौरान सावधानी बरतें।

बसों और प्राइवेट वैन में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाया जाए। सुरक्षा के लिए अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों को नियुक्त ना करें, हर कर्मचारी का चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। हर कर्मचारी स्वयं का अपराधिक रिकॉर्ड ना होने का शपथ पत्र देने बताया गया।

## कार्यशाला : निजी स्कूल में आयोजित कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षात्मक उपाय के दिए टिप्स

### महिलाओं और छात्राओं के लिए आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाएं

एसएसपी ने कहा कि महिला स्टॉफ एवं छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। इसके लिए स्कूल में महिला नोडल अधिकारी नियुक्त हो। स्कूलों में शिकायत पेटी लगाई जाए। उसकी चाबी महिला पुलिस रक्षा टीम के पास होगी। कक्षा 1 से छात्रों को गुड टच-बैड टच के बारे में जानकारी देना आवश्यक है। इस हेतु प्रशिक्षित महिला शिक्षिकाएं और पुलिस कर्मी समय-समय पर सेशन लें, बच्चों को सिखाया जाए कि असहज महसूस होने पर तुरंत किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। नशामुक्ति के लिए जागरूकता कैम्प लगाएं।



### यातायात नियमों की दी जानकारी ट्रैफिक रुल्स पालन की अपील

इस अवसर पर विजय अग्रवाल ने साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के प्रति छात्र-छात्राओं को सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि अजनबी से चैट, फोटो शेयरिंग, गेमिंग में सावधानी बरती जाए। बच्चों को ऑनलाइन प्राइवेसी से बचाया जाए। इस हेतु साइबर हेल्पलाइन: 1930, शिकायत पोर्टल https://cybercrime.gov.in का उपयोग किया जाए। प्रत्येक स्कूलों में सुरक्षा समिति गठित हो। सुरक्षा संवाद और अवेयरनेस सेशन हर माह आयोजित किया जाए। इस अवसर पर वीरेंद्र ठाकुर, सुखनंदन राठौर, ऋचा मिश्रा, पद्मश्री तंवर, अरविंद मिश्रा, सत्य प्रकाश तिवारी, विजय यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### तिलक लगाकर विधायक ने कराया स्कूल प्रवेश

**दुर्ग।** आदर्श कन्या उच्च मा स्कूल में आयोजित प्रवेश उत्सव में विधायक गजेन्द्र यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और बच्चों का मंगल तिलक कर उन्हें पुस्तक भेंट किये शाला प्रवेश कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये। आदर्श कन्या स्कूल में प्रवेश उत्सव में विधायक गजेन्द्र यादव ने बच्चों के साथ रूबरू हुए और विद्यार्थी जीवन में शिक्षा और अनुशासन का महत्व बताते हुए अच्छे विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित किए। बच्चों को स्कूल यूनिफार्म, अध्यापन का समय के साथ खेलकूद और व्यायाम पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा की विद्यार्थी जीवन जो हम सीखते है वो जीवनभर काम आता है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की आदर्श कन्या स्कूल दुर्ग में शाला प्रवेश उत्सव में सम्मिलित होकर शिक्षा के पंख लगाकर उड़ने को तैयार नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर अभिनंदन किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। शाला प्रवेश उत्सव बच्चों में स्कूल आने के प्रति नई ऊर्जा का संचार करने शासन की अभिनव पहल है। इस दौरान शाला के खेलए शिक्षा में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मान कर सफलता के पायदान पर बढ़ते रहने उनका हौसला बढ़ाया। बिसराराम यादव ने सोलह संस्कारों में से एक विद्यारंभ संस्कार को बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए अच्छी पहल बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हर मंदिर समिति द्वारा आयोजित होना चाहिए। संतोष चांडक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## स्कीम : तीन माह का किराया एडंवास कराया जाएगा जमा, लेंगे कल से सीधे आवेदन

# नहीं बिकी जलघर और गंजपारा कॉम्पलेक्स की दुकानें, अब निगम देगा इसे किराए पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग


किराए के दुकान की तलाश कर रहे लोगों को नगरनिगम द्वारा बडी स्कीम लाई जा रही है। निगम द्वारा पिछले लंबे समय से आबंटन नही होने वाले दुकानों को तीन माह का किराया जमा कराने के बाद किराए पर दिया जाएगा। शहर में जलघर और गंच चौक काम्पलेक्स सहित डेढ सौ से अधिक दुकानों को किराए पर देने की प्रक्रिया निगम ने शुरू कर दी हैं। इसके लिए आवेदको से आवेदन लिए जाने की तैयारी है।

उल्लेखनीय है कि, शहर में सबसे ज्यादा गले का फांस गंज चौक और जलगृह के पास बने दुकानों को लेकर है। दोनो जगह काम्पलेक्स तैयार करने बीस करोड रूपए से अधिक की राशि फूंकी गई है। लेकिन वर्तमान में निगम को इससे फूटी-कौडी राजस्व नही मिल रही है, उल्टा दुकानों जर्जर हो रही है। यही कारण है कि, अब इन सभी दुकानों को किराए पर देने की कवायद शुरू हो गई है।

पिछले दिनों एमआईसी में इस आशय का प्रस्ताव भी पारित किए जाने के बाद निगम कल से आवेदन लेने की तैयारी में हैं। जानकारी अनुसार नया बस स्टैंड स्थित जलगृह में ही 44 दुकान है, वहीं गंज चौक के पास 74 दुकाने बनाई गई है। इसके आलावा मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना की भी दुकाने, जिसका आबंटन अब तक नही होने के कारण जर्जर स्थिति है। इस तरह करीब सवा सौ दुकानों को किराए पर दिया जाएगा।

इसके पूर्व दुकानों का आबंटन लागत मूल्य और कलेक्टर गाइड लाइन से तुलना कर प्रीमियम राशि वसूल किए जाने के कारण लोग दुकानों को लेने सामने नही आ रहे थे। खासकर गंज चौक काम्पलेक्स और जलगृह के पास स्थित दुकानों की रही हैं। इसके लिए 11 बार निविदा जारी की है। लेकिन निविदाकार दुकानों को महंगा बताकर खरीदने सामने नही आए। यही कारण हैं कि, अब नगरनिगम द्वारा इन दुकानों को किराए पर देने की तैयारी है। इसके लिए तीन माह का किराया एडवांस में जमा कराया जाएगा, वही एग्रीमेंट भी की जाएगी।

### एमआईसी के फैसले के बाद प्रक्रिया शुरू, बढ़ेगा निगम का राजस्व



#### कहां कितनी दुकानें समझे

| दुकान | संख्या |
|---|---|
| गंज मंडी शापिंग काम्पलेक्स | 74 |
| जलगृह व्यवसायिक परिसर | 44 |
| न्यू मोती काम्पलेक्स | 08 |
| वाईशेप ओव्हर ब्रीज | 03 |
| रायपुर नाका मुक्तिधाम | 01 |
| महिला समृध्दि बाजार | 12 |
| स्टेट बैंक के पीछे गंज चौक | 74 |



### इसलिए अटका रहा दुकानों का आबंटन

जलगृह काम्पेक्स में 44 और गंज चौक में 74 दुकाने बनी है। यहां के दुकानों का आफसेट मूल्य इसकी लागत के अनुसार तय की गई है, वही कलेक्टर गाइडलाइन के आधार पर हर माह प्रीमियम राशि वसूल करने के प्रावधान के कारण यहां की दुकाने 25 से 30 लाख रूपए तक पड रही थी। बाजार मूल्य के लगभग दुकानों की रेट आने से व्यापारी भी इसमें भाग नही ले रहे थे। व्यापारियों की माने तो दूसरा कारण इसके बनावट को लेकर है, इसे गोदाम की तरह डिजाइन किया गया है। जबकि डिमांड खुले दुकानो की रही है। हांलाकि अब किराए में देने के निर्णय से दुकानों के उठने का दावा अफसर कर रहे हैं।



### किराए पर उठी तो गुलजार होगा बाजार

नगरनिगम के लिए सबसे बडी चुनौती नया बस स्टैंड के जलगृह और गंज चौक काम्पलेक्स रहा है। दोनो को मिलाकर यहां सवा सौ दुकाने है। इसके लिए नगरनिगम ने 11 बार टेंडर निकाला है, लेकिन दुकान नही बिकी। इन दोनो दुकानों को बीस करोड से राशि खर्च कर बनाया गया है, दोनो काम्पलेक्स का निर्माण 2018 में किया गया था। बहरहाल किराए पर अगर सभी दुकाने उठ गई तो बाजार गुलजार हो जाएगा। यहां व्यापारिक गतिविधियां बढ जाएगी और निगम को हर माह लाखो रूपए राजस्व मिलेगा।

### गुमटियों में लगा ताला, आबंटन पर मौन

बहरहाल एमआईसी द्वारा दुकानों को लेकर किराए पर देने का फैसला लिया है। जबकि निगम द्वारा लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए गुमटियों में अभी ताला लगा हुआ है। जिसमें राजेन्द्र पार्क और रविशंकर स्टेडियम के सामने पचास से अधिक दुकाने है। पूर्व कांग्रेस की सत्ता में बगैर नियम कायदों के दुकान चेहतों को आबंटन कर दिया गया है। वर्तमान में इन दुकानों पर कब्जा कर ताला जड दिया गया है। जबकि जरूरतमंद दुकानदार सडक किनारे दुकान लगाने को मजबूर है।

### तैयारी चल रही

नगरनिगम में ऐसे दुकान जो लीज पर नही उठ पाए हैं। उन्हें किराए में देने का फैसला एमआईसी से पास हुआ है। जल्द ही आवेदन लेने की प्रकिया शुरू की जाएगी।
**-सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

## पटेल चौक से रेलवे स्टेशन तक खदेड़े गए कब्जेधारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम द्वारा एक बार फिर पटेल चौक से रेल्वे स्टेशन रोड किनारे इंदिरा मार्केट तक कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों को खदेडा गया है। इससे पहले भी सडक किनारे कपडा दुकान लगाने वाले दुकानदारों को हटाया गया था। वही नालियों को भी तोडा गया था। लेकिन इसके बाद भी कपडा दुकानदार फिर से दुकान लगा रहे थे, वही मोती काम्पलेक्स तक सडक किनारे जूता चप्पल लगाने वाले करीब 70 से अधिक दुकानदारों को भी सक्ती से हटाया गया है।

- जेसीबी के जरिए इस बार निगम गुमटियां ही उठाकर ले गए

निगम दस्ता द्वारा जेसीबी के जरिए एक बार फिर तोडफोड की कार्यवाही की गई हैं। बाजार विभाग अधिकारी भूपेन्द्र गोईर ने बताया कि, कपडा व्यापारियों के आलावा जूता चप्पल के दुकानदारो को हटाया गया है, उन्हें व्यवस्थापन के तहत दूसरी जगह दुकान आबंटन किया गया है। कार्यवाही के दौरान दुकानदार निगम के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन भी कर रहे थे। कपडा दुकानदारों का कहना था कि, उन्हें व्यस्थापन करने के पहले ही हटाया जा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो रही है।

### तनातनी की स्थिति रही पुलिस बल रहा तैनात

पटेल चौक से रेल्वे स्टेशन रोड किनारे कब्जा हटाने के दौरान बडी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए थे। हांलाकि इस बीच व्यापारियों और निगम के कर्मचारियों के भी तनातनी की स्थिति थी। लेकिन पूरी कार्यवाही पुलिस जवानों की मोजूदगी भी की गई। इस दौरान जेसीबी के जरिए निगम ने पूरा गुमटियों को ही कब्जे में ले लिया।

### करेंगे व्यवस्थापन

0 दुकानदारों को पहले भी समझाईश दी गई थी। उन्हें व्यवस्थापन दिया जाएगा। लेकिन वे वही पर दुकान लगाने अडे है। **-भूपेन्द्र गोईर,** बाजार अधिकारी नगरनिगम दुर्ग

## बच्चों के फास्टर केयर विषय पर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन अल्टरनेटिव केयर के सहयोग से पोषण देखरेख फॉस्टर केयर विषय पर संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। महिला एवं बाल विकास अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रशिक्षण में राज्य में संचालित पोषण देखरेख कार्यक्रम फॉस्टर केयर प्रोग्राम अंतर्गत उमंग कार्यक्रम के प्रभावी कियान्वयन के लिए हितधारकों की क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षक के रूप में राज्य से डॉ रामचरण चौकसे, कार्यक्रम प्रबंधक, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण नवा रायपुर, यूनिसेफ से सीईएसी डॉ वसुधरा, मैनेजिंग ट्रस्टी, हितेश कुमार, सोना बर्सन, राज्य प्रोग्राम मैनेजर, फॉस्टर केयर एवं राहुल जेमा उपस्थित रहें।

- पुनर्वास के लिए बच्चें की जिम्मेदारी असंबंधित परिवार लेता है

भारत सरकार द्वारा जारी मॉडल फास्टर केयर गाईड लाईन 2024 के प्रावधान अनुसार राज्य में पोषण देखरेख कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना में अंतिम उपाय के रूप में बच्चों के संस्थागतकरण के सिंद्धात के आधार पर कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को परिवार आधारित गैर संस्थागत देखभाल को बढ़ावा देता है। पोषण देखरेख फॉस्टर केयर उक्त योजनाओं में से एक है। पोषण देखरेख अंतर्गत बच्चें की देखभाल संरक्षण और पुनर्वास के लिए बच्चें की जिम्मेदारी एक असंबंधित परिवार द्वारा ली जाती है। ऐसे बच्चें जो किसी कारणवश अपने जैविक माता पिता के साथ नहीं रह पाते उन्हें पारिवारिक वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बालक कल्याण समिति के आदेश पर गैर नातेदार परिवार में संरक्षण एवं देखरेख उपलब्ध करवाना फॉस्टर केयर या पोषण देखरेख कहलाता है।

## श्री रामदेव मंदिर में स्कूली बच्चों को बांटी गई किताबें, अभिभावक रहे मौजूद

**दुर्ग।** विश्व हिन्दू परिषद मंदिर एवं अर्चक पुरोहित संपर्क विभाग की पहल पर श्री बाबा रामदेव मंदिर समिति गंजपारा एवं रमेश चंद्र फाउंडेशन- हेल्पिंग हैंड संस्था के सहयोग से सामूहिक विद्यारंभ संस्कार कराया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिसराराम यादव, रामदेव बाबा मंदिर के अध्यक्ष मुकेश राठी, रमेश चंद्र फाउंडेशन हेल्पिंग हैंड संस्था की प्रमुख डॉ मानसी गुलाटी, डॉ आचार्य नीलेश शर्मा, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष अशोक राठी व सचिव डॉ शंकरलाल दम्मानी, मंदिर संरक्षण समिति दुर्ग के अध्यक्ष दिलीप गुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर 135 बच्चों का सामूहिक विद्यारंभ संस्कार कराया गया जिसमें 60 अभिभावक बच्चों के साथ शामिल हुए।

## तिलक स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**दुर्ग।** शासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संकुल के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रमुख, संकुल समन्वयक कमल वैष्णव,शिक्षकगण, छात्रगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही एसएमडीसी अध्यक्ष, एसएमसी सदस्य दीपेंद्र देशमुख, विकास सेन एवं समिति के सदस्य गणों, एवं पालकों ने भी अपनी महती सहभागिता प्रदान की। नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर एवं मिठाई खिलाकर निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य असीमा चटर्जी ने बच्चों को अनुशासित जीवन जीने, संस्कारवान बनने एवं लक्ष्य निर्धारण कर उसे प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया एवं पॉक्सो एक्ट एवं विद्यालय में इसके उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी बच्चों एवं पालकों को प्रेषित किए।

## पन्द्रह साल तक करना होता है भुगतान, 21 वर्ष में मिलेगी राशि

# अभियान चलाकर तेरह हजार बालिकाओं का खाता खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत 6 नवंबर से अब तक बालिकाओं का खाता खोलने हेतु अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिले में दस हजार से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। इस अभियान का उद्देश्य नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों दोनों में बेटियों की शिक्षा और भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करना है।

- सुकन्या समृद्धि योजना से लभान्वित हो रही महिलाएं

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में माह नवम्बर 2024 में सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत महतारी वंदन योजना से लाभांवित हो रही महिलाओं के सहयोग से 13000 बालिकाओं का खाता खुलवाया गया। अब तक वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14887 बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खुलवाया जा चुका है। जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सांतरा एवं अचानकपुर में लगभग सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाया जा चुका है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर तथा समस्त परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया है।




### डाकघरों की भी रही भागीदारी

योजना के क्रियान्वयन के तहत, जिले के 59 सेक्टरों में डाकघरों की मदद से 118 विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को योजनाओं की जानकारी दी गई और बेटियों के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया। विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर जानकारी दी गई और लोगों को प्रोत्साहित किया गया। जिला प्रशासन ने अपील की है कि, अधिक से अधिक अभिभावक इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सशक्त बनाएं।

### दस वर्ष में खोले जाते हैं खाता

बालिकाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनकी शिक्षा व विवाह हेतु बचत को प्रोत्साहित करने के लिए यह योजना संचालित है। इस योजना के अंतर्गत खाता बालिका के नाम पर 10 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक खोला जा सकता है एवं एक बालिका के नाम पर एक ही खाता डाकघरों और अधिकृत बैंकों में खोला जा सकता है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम जमा राशि 250 रूपये एवं अधिकतम जमा राशि 1.50 लाख रूपये है। इसमें ब्याज दर सामान्य ब्याज दरों की तुलना में अधिक होती है।

## अंतर्जातीय, अंतरधर्म स्वीकारने वाले को सामाजिक पद में नहीं मिलेगी जगह, बैठक में निर्णय



**भिलाई।** साहू समाज की आमसभा बैठक सुपेला स्थित कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में प्रमुख सलाहकार खिलावन साहू, तुलसी साहू, हरिद्वारिका प्रसाद साहू, अमोल दास, रामकुमार चंचल, शकुंतला साहू, संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। आमसभा में महासचिव अमोल दास साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा को सदन के पटल पर रखा। आय-व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार साहू ने दी। नया जिला संघ होने के साथ 3 वर्षों के कार्यकाल का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि इन तीन वर्षों में कई कार्यक्रम हुए। वर्तमान में 5 लाख का एफडी और चालू खाते में राशि जमा है। बताया गया कि प्रदेश साहू संघ के नियमावली के अनुसार प्रत्येक तहसील में परिक्षेत्र का गठन अनिवार्य किया गया है। साथ ही प्रमुख सलाहकारों एवं सदन ने कहा कि जो व्यक्ति अंतर्जातीय, अंतरधर्म स्वीकार किया है, ऐसे व्यक्तियों को तो समाज के मुख्य धारा से तो जरूर जोड़ना है।

## खबर संक्षेप

### रेहूंटा सड़क हादसे के आरोपी पर अपराध दर्ज

**कवर्धा।** पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम रेहुटा खुर्द में गत 27 जून को हुए दर्दनाक सड़क हादसे के मामले में अब पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इस हादसे में आरोपी वाहन चालक की घोर लापरवाही के चलते दो गर्भवती महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हुआ था। थाना पंडरिया में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक मोहनलाल खुटे द्वारा दर्ज अपराध क्रमांक 00/2025 के अनुसार आरोपित वाहन चालक रोहित रावत निवासी ओमप्रकाश सभासद नगर प्रयागराज उत्तर प्रदेश के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 281, 125 (ए) और 106(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### सीजी बोर्डः पुनर्गणना के नतीजे की घोषणा

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष-2025 की हाई व हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा के पुनर्गणना-पुनर्मूल्यांकन परिणाम जारी कर दिया है। जिन परीक्षार्थियों ने पुनर्गणना या पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था, वे अपने परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर अनुक्रमांक दर्ज कर ऑनलाइन अवलोकन कर सकते हैं।

### प्रवेशोत्सव में संजना सम्मानित

**मुरमुंदा।** संत प्रयाग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुंदा की विद्यार्थी संजना सिन्हा ने आठवी में विकासखंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया है । गत दिनों विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रवेश उत्सव में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान सम्मानित किया। उन्हे स्कूल सचालक चंद्रशेखर श्रीवास्तव, प्राचार्य अंजना चौधरी एवं शिक्षकों में बधाई दी है।

### बिजली की आंख मिचौली से परेशानी

**मुरमुंदा।** आए दिन समय बेसमय बिजली गुल होने से ग्रामीण परेशान है। बिजली गुल से बैंक, अनलाइन सेंटर सहित अन्य के कार्य बाधित हो जाते है। किसानों को रोपा लगाने के लिए वर्तमान में पानी की जरूरत है। किसान बिजली के अक्सर गुल रहने से खेत में पानी नहीं पला पा रहा है। बार बार बिजली बंद होने से मोटर जल रही है। किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### लेबर यूनियन को हीरा ग्रुप ने दी मान्यता

**मानपुर।** हीरा ग्रुप रायपुर ने बोरिया में संचालित गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड खदान में कार्यरत श्रमिकों की यूनियन को औपचारिक मान्यता प्रदान की है। कंपनी प्रबंधन ने डेमोक्रेटिक खदान श्रमिक संघ को अधिकृत यूनियन के रूप में मान्यता दिया है। मोती हिरवानी को यूनियन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रबंधन ने पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि श्रमिकों के हितों की रक्षा और श्रम संबंधों में समन्वय बनाए रखने के लिए मान्यता दी गई है। मान्यता मिलने से गोदावरी माइंस में कार्यरत श्रमिकों में खुशी का माहौल है।अध्यक्ष श्री हिरवानी ने कहा कि वह मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### मुंबई में हेमशंकर सम्मानित

**डोंगरगांव।** उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा महासम्मेलन का आयोजन गत दिनों भारत रत्न लता मंगेशकर नाट्यगृह मीरा रोड मुंबई में आयोजित किया गया।




**मांग : धर्म स्तंभ काउंसिल व निर्वाणी अखाड़ा ने मुख्यमंत्री से की माँग की**

# सभी जिलों में मठ-मंदिर एवं सार्वजनिक न्यास के लिए समर्पित कार्यालय बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

धर्म स्तंभ काउंसिल एवं निर्वाणी अखाड़ा के डॉ. सौरभ निर्वाणी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में मठ-मंदिर, सार्वजनिक न्यास एवं ट्रस्ट से जुड़े मामलों के लिए जिला कलेक्टर के अधीन अलग से तीन समर्पित कर्मचारियों के स्थायी कार्यालय की माँग की।डॉ. सौरभ निर्वाणी ने कहा कि,आज ज़मीनी स्तर पर देखा गया है कि ज़िला कलेक्टर जो स्वयं सार्वजनिक न्यासों के संरक्षक होते हैं, वे अपनी शक्तियों का हस्तांतरण अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को कर देते हैं। किंतु राजस्व अधिकारियों के पास पहले से ही बड़ी संख्या में भूमि और राजस्व विवाद होते हैं, जिससे वे मठ-मंदिर या ट्रस्ट मामलों पर समुचित ध्यान नहीं दे पाते।"उन्होंने रायपुर संभाग का उल्लेख करते हुए बताया कि,सिर्फ रायपुर संभाग में ही मठ-मंदिरों की जमीन का बाज़ार मूल्य 1 लाख करोड़ से अधिक है। राज्य में * लाख करोड़ से अधिक की चल अचल संपत्ति इन न्यासो में है ,कभी ये स्थान सनातन धर्म और आध्यात्मिक चेतना के केंद्र रहे हैं। लेकिन वर्तमान में सार्वजनिक न्यास अधिनियम के तहत आने के बाद, उचित निगरानी और समर्पित कार्यालयों के अभाव में इन मामलों की स्थिति बेहद बदहाल है। कई स्थानों पर ये प्रक्रियाएँ केवल खानापूर्ति बनकर रह गई हैं,पुराने रजिस्टर कापी ही कार्यवाही और दस्तावेज के नाम पर कलेक्टर में जमा रखी है ।"

## तीन लाख करोड़ से अधिक की संपत्ति प्रदेश के मठ मंदिरों और न्यास में : डॉ निर्वाणी



### जमीन और संपत्तियों की लूट पर निगरानी नहीं

धर्म स्तंभ काउंसिल ने यह भी चेताया कि, "जन आस्था के कारण दान में मिली भूमि और चल/अचल संपत्तियों में लगातार अनियमित बंदर बाँट हो रहा है, और इस पर रोक लगाने वाली संस्थाएँ या तंत्र लगभग निष्क्रिय हैं। इसकी पृष्ठभूमि में आवश्यक है कि हर जिले में कलेक्टर के अधीन मठ-मंदिर एवं ट्रस्ट मामलों के लिए समर्पित अनुभवी व संवेदनशील कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, जो इन मामलों को गंभीरता पूर्वक देखें।"

### लोक डोमेन में आए ट्रस्टों की जानकारी

धर्म स्तंभ काउंसिल और अखाड़ा ने यह भी माँग रखी कि सार्वजनिक न्यासों, मठ-मंदिर ट्रस्टों की संपत्तियाँ, आय और जनहित में किए गए कार्यों की जानकारी पब्लिक डोमेन में नियमित रूप से अपलोड की जाए। इसके लिए नयी कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता बताई गई है।

डॉ. सौरभ निर्वाणी ने बताया कि इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई है और शीघ्र ही इस दिशा में सरकारी स्तर पर ठोस निर्णय लिए जाने की उम्मीद है।

### वर्षों से नहीं हुए चुनाव विभाग उदासीन

धर्म स्तंभ काउंसिल ने इस गंभीर विषय पर भी ध्यान दिलाया कि, "प्रदेश में कई ट्रस्ट एवं सार्वजनिक न्यास ऐसे हैं, जिनमें वर्षों से चुनाव ही नहीं हुए हैं, न विभाग ने इस पर कोई चिंता दिखाई है, न उनकी कोई दिलचस्पी दिखती है। इससे पारदर्शिता और जन विश्वास पर गहरा आघात हुआ है।" धर्म स्तंभ काउंसिल ने अपनी माँग में मध्य प्रदेश सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1951 (जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ में लागू है) तथा भारतीय संविधान की धर्मिक स्वतंत्रता एवं आस्थात्मक संपत्ति के संरक्षण से जुड़ी धाराओं का भी हवाला दिया*

### प्रमुख माँगें संक्षेप में

1. प्रत्येक ज़िले में कलेक्टर के अधीन 3 समर्पित कर्मचारी नियुक्त किए जाएँ, जो केवल मठ-मंदिर एवं ट्रस्ट मामलों को देखें। जन आस्था से प्राप्त संपत्तियों पर हो रहे अनियमित बँटवारे पर रोक के लिए निगरानी ढाँचा बने। ट्रस्टों की संपत्तियाँ, आय और जनहित कार्यों की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। सभी ट्रस्टों में समय-समय पर चुनाव सुनिश्चित कराए जाएँ। सार्वजनिक न्यास अधिनियम को सख्ती से लागू करने हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी हों। धर्म स्तंभ कौंसिल के इस माँग पर रामजानकी मंदिर के महंत सुरेन्द्र दास ,थान ख़म्हारिया जमात मंदिर के महंत बसंत दास,महंत हेमंत दास,महंत गोविन्द दास त्यागी महादेवघाट सहित निर्मोही अखाड़ा अखाड़ा,निर्वाणी अखाड़ा,दिगंबर अखाड़ा ने इस माँग का समर्थन किया है।

## ए नोनी ओ नोनी ओ, खुलगे हे स्कूल चल जाबो गीत पर दी सुंदर प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय हाईस्कूल बदनारा विकासखंड नवागढ़ में किया गया। शिक्षा विभाग के इस आयोजन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं की सांस्कृतिक कला समूह शिक्षा विभाग नवागढ़ टीम के द्वारा शाला प्रवेश उत्सव गीत /" ए नोनी ओ नोनी ओ, खुलगे हे स्कूल चल जाबो /" गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दयाल दास बघेल मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन, खोरबाहरा साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, टार्जन साहू, अंजू बघेल, माया हीरा बारले, राकेश राजपूत, परस वर्मा जी, शिव साहू, भुखनी लक्ष्मी नारायण जांगड़े के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

- सांस्कृतिक कला समूह शिक्षा विभाग नवागढ़ के टीम ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति

शिक्षक शान्त कुमार पटेल ने बताया कि सांस्कृतिक कला समूह के शिक्षक शिक्षिकाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता के लिए नई पहल करते हुए टीम तैयार की है छत्तीसगढ़ी भाषा एवं संस्कृति को संजोते हुए छत्तीसगढ़ी परिधान में शाला प्रवेश उत्सव जागरूकता पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। टीम सदस्य में शिक्षक महेश कुमार साहू, शान्त कुमार पटेल, जॉनी मारकंडे, रामकुमार साहू, भीखम देवांगन, परमेश्वर साहू, नरेंद्र जायसवाल, डूमन लाल साहू, किशन कंवर, दीपक यादव, जलेश्वर मानिकपुरी, संजय मस्तके, शिक्षिका अर्चना ढोबले, प्रेक्षा साहू , समता सोनी, सुमन लता साहू, संजीवा राय, गोपेश्वरी साहू, अंजनी टंडन, अजेता मार्कण्डेय एवं टीम सदस्य अनीता भैना, कामती ठाकुर, शीतल बैस, मंजू भारद्वाज,ने प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कला समूह शिक्षा विभाग नवागढ़ की टीम के द्वारा विगत दो वर्षों से विधानसभा व लोकसभा में मतदाता जागरूकता, स्वच्छता पखवाड़ा, वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण, एवं शाला प्रवेशोत्सव जैसे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में जिला व विकासखंड स्तर पर कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे है। नवागढ़ शिक्षा विभाग टीम के प्रस्तुति का प्रशंसा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ. कमल कपूर बंजारे, डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ बांधे, एबीईओ हितेंद्र बंजारे, कामनी महिलांग, बीआरसी जगजीवन राम साहू, छत्तीसगढ़ी भाषा विकास प्रभारी डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, शिक्षक सुरेश बंजारे, अनिल जांगड़े, एवं समस्त प्राचार्य, संकुल समन्वयक, व शिक्षकगण सभी ने बधाई दिए।

# प्रशिक्षण बच्चों के सीखने की क्षमता को और मजबूत बनाएगा : यामिनी बर्मन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में दिनांक 28 जून से 3 जुलाई तक नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित बीआरजी का 6 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया है। यह प्रशिक्षण नई शिक्षा नीति एनएपी 2020 के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में पूरे बेमेतरा जिले के साजा, बेमेतरा, बेरला और नवागढ़ चारों विकास खंड से 9-9 प्रशिक्षार्थियों को बीआरजी के रूप में आमंत्रित किया गया है। जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने विकास जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने विकासखंड में प्रशिक्षण देंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में डीआरजी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त यामिनी बर्मन ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षकों को नई पाठ्य पुस्तकों एवं बाल अनुकूल शिक्षण विधियां से अवगत कराना है।

- डाइट बेमेतरा में नवीन पाठ्य पुस्तक पर 6दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

### शिक्षक स्वयं उसे आत्मसात करेंगे

बच्चों को नई किताबें तभी समझ में आएगी जब शिक्षक स्वयं उसे आत्मसात करेंगे। यह प्रशिक्षण इस दिशा में एक साझा प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों के समर्पण और प्रशिक्षण से प्राप्त नवाचार ही आने वाले समय में बच्चों के सीखने की क्षमता को और मजबूत बनाएंगे। बच्चों के सीखने की नींव मजबूत करना न केवल शिक्षकों की जिम्मेदारी है बल्कि पूरे समाज की जरूरत है।

मास्टर ट्रेनर्स और डीआरजी गिरिजा पटेल ने कहा कि नई किताबें बच्चों की सोच एवं उनकी भाषा के बहुत करीब है। यह छह दिवसीय कार्यक्रम प्रशिक्षण एवं औपचारिकता ही बस नहीं है बल्कि यह प्राथमिक स्तर के नौनिहालों की बेहतर शिक्षण तैयार करने की एक निर्णायक शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि नींव स्तर की साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान बच्चों के संपूर्ण विकास की कुंजी है। यदि प्राथमिक स्तर पर बच्चा पढ़ना लिखना समझना और गणितीय सोच विकसित कर लेता है तो उसके आगे की समझ व शिक्षा और आसान हो जाती है। शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे प्राथमिक स्तर के बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। इस प्रशिक्षण की प्रभारी और डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय ने कहा कि शासन के द्वारा जो नई पाठ्य पुस्तक तैयार किया गया है उसके अध्ययन एवं अध्यापन हेतु एवं एफएलएन के लक्ष्य को प्राप्त कर बच्चों को दक्ष करने के लिए चार ब्लॉक मॉडल को समझने के लिए गतिविधियों पर आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण बहुत ही सुचारु पूर्ण एवं सहभागिता पूर्ण ढंग से संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में यामिनी बर्मन, गिरिजा पटेल, सूरज कुंजाम और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से साकेत बिहारी बहुत ही सुंदर ढंग से प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

## राजस्व कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने उपमुख्यमंत्री को समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कबीरधाम प्रवास के दौरान कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की जिला इकाई द्वारा तहसीलदारों एवं राजस्व अमले को फील्ड स्तर पर कार्य करते समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया गया।

संघ द्वारा बताया गया कि सीमित कर्मचारी संसाधनों एवं तकनीकी उपकरणों की कमी जैसी चुनौतियों के बावजूद अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। संघ ने आग्रह किया कि इन जमीनी समस्याओं के निराकरण से प्रशासनिक कार्यों में अधिक पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता लाई जा सकती है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों की सेवा भावना और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शासन आमजन को त्वरित और प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

## वीरांगना रानी दुर्गावती परिसर में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन

**कवर्धा।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 23 जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत जोराताल के न्यू कृषि उपज मण्डी तालपुर कवर्धा के सामने जिला गोंड़ समाज सेवा समिति द्वारा आरक्षित स्थल वीरांगना रानी दुर्गावती परिसर में स्वच्छता मिशन अंतर्गत व्यवसायिक कॉप्लेक्स का निर्माण 5.60 लाख रुपए की लागत किया जाना है, जिसकी भूमिपूजन किया गया। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कुंभकरण सिंह गोंड़ पूर्व जनपद पंचायत सदस्य ने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम जिला पंचायत सभापति, जनपद उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच ग्राम पंचायत जोराताल एवं स्थानीय वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में किया गया। उन्होने बताया कि व्यवसायिक कॉप्लेक्स निर्माण होने से नेशनल हाईवे पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## कांवड़ यात्रा में उपयोगी साजो सामान की सजने लगी दुकाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा में श्रावण मास में प्रारंभ होने वाला कांवड़ यात्रा को लेकर बाजार सजने लगा है। गौरतलब है कि का महीना शुरू होने वाला है और कांवड़ यात्रा भी 11 जुलाई से शुरू हो जाएगी, जिसे देखते हुए कवर्धा नगर के बाजार में कांवड़, गंगाजल ले जाने के लिए पात्र, और अन्य आवश्यक सामग्री जैसे- माला, चंदन, और धार्मिक वस्त्रों की दुकानें सज गई हैं। दुकानदारों के मुताबिक कांवड़ियों ने इन साजो सामान की खरीदी भी खुरू कर दी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में कांवड़ यात्रा एक बड़ा धार्मिक उत्सव है।

## सजने लगा सावन का बाजार...



**कवर्धा।** श्रावण मास में प्रारंभ होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर नगर में सजने लगा बाजार।

## भारत मंडपम में नेशनल अवार्ड से सम्मानित होंगे हरीश साहू

**कवर्धा।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स द्वारा 21 से 24 सितंबर 2025 तक अपने सिल्वर जुबली उत्सव का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन मे देशभर से अनेक सस्थाएं जो जनहित में अपनी सेवा दे रहे है ऐसे संस्था के प्रमुख को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिसमे नई चमक रक्तदान समिति के जिलाध्यक्ष हरीश साहू का नाम कवर्धा जिले से चयन किया गया है।

**मन की बात में पीएम ने आपातकाल के दौर की भयावहता को किया याद**

# बोड़ला भाजपा मंडल के 91 बूथों में सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

नगर के छह शक्ति केंद्रो समेत भाजपा मंडल बोड़ला के 91 बूथों में रविवार को पीएम मोदी की मन की बात की 123 वीं कड़ी सुनी गई। नगर के बूथ क्रमांक 63 से 68 तक छह बूथों में आम नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी। नगर के बूथ क्रमांक 68 में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी की उपस्थिति में मन की बात सुनी गई।

बूथ क्रमांक 64 में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल की मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए आपातकाल के उस दौर की भयावहता की याद दिलाई जब तात्कालिक इंदिरा सरकार ने पूरे देश को जकड़ लिया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर जॉर्ज फर्नांडिस का खास तौर से जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, तीर्थ यात्राओं, भारत कोरोना मुक्त होने, देश में इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने, अहिंसा सिल्क अपनाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने देशवासियों को आपातकाल के उस दौर की भयावहता और संकट से अवगत कराने के लिए विभिन्न नेताओं के ऑडियो संदेशों को भी सुनाया। इनके जरिये उन्होंने उस समय के हालात को पेश किया। जब लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश की गई थी। कार्यक्रम के दौरान बूथ क्रमांक 63 में मोहन धुर्वे मंडल अध्यक्ष भाजपा बोड़ला, बूथ प्रभारी सुनील मानिकपुरी, बूथ सह प्रभारी गोपाल तिलकवार, बूथ अध्यक्ष अमर सिंह पटेल, बूथ क्रमांक 64 में नितेश अग्रवाल जिला भाजपा उपाध्यक्ष, बूथ प्रभारी डॉ रुपनाथ मानिकपुरी, सह प्रभारी चंद्र प्रकाश त्रिवेदी, बूथ अध्यक्ष लव निर्मलकर, बूथ क्रमांक 65 में बरसाती वर्मा जिला भाजपा उपाध्यक्ष, बूथ प्रभारी गौतम गुप्ता, सह प्रभारी मुकेश केसरवानी, बूथ अध्यक्ष राम कुमार डिंडोरे, बूथ क्रमांक 66 में काशीराम उइके पूर्व मंडल अध्यक्ष बोड़ला, बूथ प्रभारी डॉ प्रेमकांत मिश्रा, बूथ सह प्रभारी शिवम केसरवानी, बूथ अध्यक्ष मोहन कश्यप, बूथ क्रमांक 67 में विदेशी राम धुर्वे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, बूथ प्रभारी संदीप गुप्ता, बूथ सह प्रभारी सोमनाथ धुर्वे तथा बूथ अध्यक्ष सुखदास मानिकपुरी सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



